# सं.मा.पू.भू.जैन. राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज, जिला – सिरोही

दिनांक 18.12.2021

## आवश्यक सूचना

महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम व द्वितीय के सूचिनुसार चयनित स्वयं सेवक व सेविकाओं को सूचित किया जाता है कि एन.एस.एस के विशेष सात दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 22.12.2021 (बुधवार) से दिनांक 28.12.2021 तक गोद ली बस्ती रेबारी वास बडगांव व महाविद्यालय परिस्र में किया जायेगा। अतः सभी स्वंय सेवक एवं सेविकाऐं महाविद्यालय के परिसर में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दे।

समय – प्रातः 8:00 बजें

संलग्न –

1. एन.एस.एस इकाई प्रथम की सूची
2. एन.एस.एस इकाई द्वितीय की सूची

प्राचार्य
सं.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज

कैलाश चन्द्र परमार
कार्यक्रम अधिकारी यूनिट प्रथम

Deeksha Meena
दीक्षा मीना
कार्यक्रम अधिकारी यूनिट द्वितीय

## सं.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय शिवगंज सिरोही 307027

दिनांक : 25.12.2021

### एन.एस.एस. सात दिवसीय विशेष शिविर में चित्रकला कार्यशाला का आयोजन

प्रेस नोट

राजकीय महाविद्यालय शिवगंज में आयोजित किये जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत दिनांक 25.12.2021 को चौथे दिन शिविर के प्रारम्भ में मेडीटेशन गुरू चेतन अरोडा द्वारा स्वयं सेवको को ध्यान करवाया गया। तत्पश्चात ड्राईंग व पेन्टींग गुरू श्री रूस्तम अली के निर्देशन में एक दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें रूस्तम अली सर द्वारा मानव संस्कृति में चित्रकला के उदभव, विकास व आधुनिक परिवेश में बदलते चित्रकला के आयामो पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में स्वयं सेवको को चित्रकला के सरल चित्रांकन की विभिन्न विधियाँ बतायी गई, साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर टीशा गेहलोत बी.ए. द्वितीय वर्ष दूसरे स्थान पर दिव्या कुमारी बी.ए. द्वितीय वर्ष व तीसरे स्थान पर निर्मल कुमार बी.ए. द्वितीय वर्ष रहे। डॉ. परिहार उर्मिला द्वारा चित्रकला की प्राचीनता व रोजगार के अवसरो पर अपने विचार व्यक्त किया। चित्रकला गुरू रूस्तम अली द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण भी किया गया।

एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी कैलाश चन्द्र परमार व सुश्री दीक्षा मीना ने स्वयं सेवको को श्रमदान करवाया।

25/12/21

प्राचार्य

प्राचार्य
सं.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज

# एनएसएस शिविर में हुई चित्रकला विषयक कार्यशाला

शिवगंज. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन शनिवार को चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके अलावा ध्यान गुरु चेतन अरोड़ा ने स्वयंसेवकों को ध्यान करवाया। कार्यक्रम अधिकारी कैलाशचंद्र परमार ने बताया कि शिविर के चौथे दिन पेंटिंग गुरु रूस्तम अली अंसारी के निर्देशन में चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अंसारी ने मानव संस्कृति में चित्रकला के उद्भव, विकास व आधुनिक परिवेश में बदलते चित्रकला के आयामों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में स्वयंसेवकों को चित्रकला के सरल चित्रांकन की विभिन्न विधियां बताई। इस मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें टीशा गहलोत ने प्रथम, दिव्या कुमारी ने द्वितीय तथा निर्मल कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। डॉ. परिहार उर्मिला मूलचंद ने चित्रकला की प्राचीनता व रोजगार के अवसरों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला के दौरान पेंटिंग गुरु अंसारी ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया।

## सं.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय शिवगंज सिरोही 307027

दिनांक : 26.12.2021

## लक्ष्य प्राप्ति हेतु समय प्रबंधन अतिआवश्यक – डॉ. रवि शर्मा

### प्रेस नोट

राजकीय महाविद्यालय शिवगंज में आयोजित किये जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत दिनांक 26.12.2021 को पाँचवें दिन के कार्यक्रम की शुरूआत मेडीटेशन गुरू चेतन अरोडा द्वारा स्वयं सेवको को ध्यान करवाकर की गई। तत्पश्चात महाविद्यालय के वरिष्ठ सहआचार्य डॉ. रवि शर्मा नें ''दायित्व बोध'' विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा विद्यार्थीयों को लक्ष्य निर्धारित करने तथा उचित समय प्रबधंन के साथ कठिन परिश्रम करने का संदेश दिया ताकि वे वांछित सफलता प्राप्त कर सके।

शिविर में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर टीशा गेहलोत बी.ए. द्वितीय वर्ष, व रतनलाल बी.ए. तृतिय वर्ष, दूसरे स्थान पर काजल सोलंकी बी.ए. द्वितीय वर्ष, व तीसरे स्थान पर कुसुम मीणा बी.ए. द्वितीय वर्ष रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेविका काजल सोलंकी द्वारा किया गया। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी कैलाश चन्द्र परमार व सुश्री दीक्षा मीना ने स्वयं सेवको को सामुदायिक सेवा का महत्व बताते हुए श्रमदान करवाया।

26/12/21

प्राचार्य
सं.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज

स.मा.पू.भू.जैन, राजकीय महाविद्यालय शिवगंज (जिला–सिरोही) राजस्थान 307027

दिनांक -27.12.21

-प्रेस नोट-

# एन.एस. एस. शिविर में स्वयं सेवको ने सीखी जल संरक्षण की प्राचीन विधियाँ

राजकीय महविद्यालय शिवगंज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों के लिए जल प्रबंधन की प्राचीन विधियाँ विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया | भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग में सहायक निदेशक के पद से सेवानिवृत्त वरीष्ठ पुरातत्वविद श्री धन्ना राम गहलोत ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से "जल संरक्षण की प्राचीन विधियाँ" विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसमे उन्होंने ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्त्व के स्मारकों का उदाहरण देते हुए जल संरक्षण की प्राचीन विधियों की जानकारी दी तथा जल के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयं सेवकों को जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया |

इससे पहले कार्यक्रम के प्रारंभ में ध्यान गुरु चेतन अरोड़ा ने स्वयं सेवको को मैडिटेशन करवाया | तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी दीक्षा मीना के नेतृत्व में सभी स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में श्रम दान किया |

भोजनावकाश के पश्चात कार्यक्रम अधिकारी कैलाश चन्द्र परमार व दीक्षा मीना के निर्देशन में "भारत का स्वतंत्रता संग्राम" विषय पर सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमे निर्मल कुमार बी.ए. द्वितीय वर्ष, किरण कँवर द्वितीय वर्ष, तथा रमिला कुमारी द्वितीय वर्ष द्वारा संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया गया |

27/12/21

प्राचार्य

स.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज

दैनिक भास्कर सुमेरपुर-शिवगंज भास्कर 28-12-2021

# स्वयं सेवकों ने सीखी जल संरक्षण की विधियां

**शिवगंज |** राजकीय महाविद्यालय शिवगंज में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में छठे दिन सोमवार को स्वयं सेवकों के लिए जल प्रबंधन की प्राचीन विधियों विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारतीय पुरातत्वविद धन्नाराम गहलोत ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जल संरक्षण की प्राचीन विधियों पर व्याख्यान दिया। इस मौके ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्मारकों का उदाहरण देते हुए जल संरक्षण की जानकारी दी। साथ ही जल के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ध्यान गुरु चेतन अरोड़ा ने स्वयं सेवकों को मेडिटेशन करवाया। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी दीक्षा मीना के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया। शिविर के द्वितीय चरण में कार्यक्रम अधिकारी कैलाश चंद्र परमार व दीक्षा मीना के निर्देशन में भारत का स्वतंत्रता संग्राम विषय पर सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें निर्मल कुमार, किरण कंवर, रमिला कुमारी संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहे है।


राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय




Shot on OnePlus
By ❤Ganu❤

**स.मा.पू.भू.जैन. राजकीय महाविद्यालय शिवगंज (जिला–सिरोही) 307027**

दिनांक 28.11.2018

## एन.एस.एस सूचना

महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाईयो के समस्त वॉलटियर्स को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01 दिसम्बर 2018 (शनिवार)को सेमिनार हॉल में एड्स दिवस पर विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा। अतः सभी स्वयं सेवक समय पर उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम – विचारगोष्ठी, फिडबैक, चार्ट प्रतियोगिता।

समय – दोपहर 12:00 बजे

डॉ. परिहार उर्मिला मूलचन्द
(कार्यक्रम अधिकारी इकाई–प्रथम)

श्री दानाराम
(कार्यक्रम अधिकारी इकाई–द्वितीय)

प्राचार्य
सं॰मा॰पु॰भूजैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज

सं.मा.पू.भू.जैन. राजकीय महाविद्यालय शिवगंज (जिला–सिरोही) 307027

दिनांक 01.12.2018

## प्रेस नोट

## महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

राजकीय महाविद्यालय शिवगंज के राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. बच्चूसिंह सिनसिनवार की अध्यक्षता में आज सेमिनार हॉल में "विश्व एड्स दिवस" पर व्याख्यान, विचार गोष्ठी, नुक्कड नाटक व चार्ट प्रतियोगिता इत्यादि विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य ने स्वयं सेवकों को समाज में फैली एड्स सम्बन्धित भ्रान्तियों के निवारण व बचाव हेतु जन जागरुकता लाने के लिए आहवान किया ।

व्याख्यान श्रंखला में सहायक आचार्य डॉ. बेगराज कुमावत ने एच.आई.वी. वायरस की संरचना को समझाते हुए संक्रमण के कारण व एन्टी रिट्रोवायरल ड्रग्स की जानकारी दी । श्रीमती दीपिका वैष्णव ने एड्स के लक्षणों व प्रतिरक्षा तंत्र पर पढने वाले प्रभावों को समझाया । कार्यक्रम अधिकारी डॉ. परिहार उर्मिला मूलचन्द ने समाज में जाग्रती लाने हेतु नुक्कड नाटक की पट–कथा लेखन व निर्देशन किया साथ ही अपने व्याख्यान में उन्होनें आने वाले समय में आधुनिक तकनीक द्वारा एड्स जैसी लाइलाज बीमारियों का उपचार आम जन की Approach तक होगा। डॉ. रवि शर्मा ने स्वय सेवको को एड्स के उपचार को आम जन तक पहुचाने का आवहान किया । युवा कौशल प्रकोष्ठ समन्वयक डॉ. नरपत सिंह देवडा ने समाज में एड्स पीडितों के साथ होने वाले व्यवहार में परिवर्तन लाने पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम अधिकारी श्री दानाराम राष्ट्रीय एड्स कन्ट्रोल संगठन व राजस्थान एड्स कन्ट्रोल सोसायटी द्वारा संचालित विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए विश्व एड्स दिवस 2018 की थीम " नो योर स्टेटस" को समझाया तथा फीड बैक द्वारा प्रश्न पूछे। स्वयं सेवक हिना कुमारी, हर्षिता कंवर, एवन कंवर, युक्ता बोहरा, चिराग परमार, दिव्या कुमारी ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में दिव्या कुमारी, हर्षिता कंवर, हिना कुमारी, रंजन गर्ग, पुष्पा कुमारी ग्रुप ने समाज में एड्स पिडितों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार में परिवर्तन लाने पर एक नुक्कड नाटक द्वारा प्रस्तुती दी। कार्यक्रम में सहायक आचार्य श्रीमती रेखा विश्नोई, श्रीमती एकता देवी, श्री राहुल कुमार मुनीम, श्री पियूष अग्रवाल, बृजमोहन यादव तथा छात्रसंघ उपाध्यक्ष रेशमा मीणा उपस्थित रहे।

प्राचार्य

प्राचार्य
सं.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज


राष्ट्रीय सेवा
राजकीय महाविद्यालय
RUSA 264



# सं.मा.पू.भू.जैन. राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज, जिला – सिरोही

दिनांक 18.12.2021

## आवश्यक सूचना

महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम व द्वितीय के सूचिनुसार चयनित स्वयं सेवक व सेविकाओं को सूचित किया जाता है कि एन.एस.एस के विशेष सात दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 22.12.2021 (बुधवार) से दिनांक 28.12.2021 तक गोद ली बस्ती रेबारी वास बडगांव व महाविद्यालय परिस्र में किया जायेगा। अतः सभी स्वंय सेवक एवं सेविकाऐं महाविद्यालय के परिसर में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दे।

समय – प्रातः 8:00 बजें

संलग्न –

1. एन.एस.एस इकाई प्रथम की सूची
2. एन.एस.एस इकाई द्वितीय की सूची

प्राचार्य
सं.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज

कैलाश चन्द्र परमार

कार्यक्रम अधिकारी यूनिट प्रथम

Deeksha Meena

दीक्षा मीना
कार्यक्रम अधिकारी यूनिट द्वितीय

सं.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय शिवगंज सिरोही 307027

दिनांक : 24.12.2021

## सात दिवसीय विशेष शिविर में मेडिटेशन कार्यशाला का शुभारम्भ

प्रेस नोट

राजकीय महाविद्यालय शिवगंज में आयोजित किये जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत दिनांक 24.12.2021 को तीसरे दिन स्वयं सेवको के लिये मेडिटेशन कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एन.एस.देवडा द्वारा की गई। ध्यान गुरू चेतन अरोड़ा एवं उनकी टीम के सदस्य चौथमल एवं अन्य द्वारा विद्यार्थीयों को ध्यान की विधियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

डॉ. परिहार उर्मिला मुल चन्द नें विद्यार्थी जीवन में ध्यान की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुऐ, लक्ष्य प्राप्ति हेतु मेडिटेशन किस प्रकार उपयोगी साधन के रूप में सिद्ध हो सकता है इस विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी श्री कैलाश चन्द्र परमार व सुश्री दीक्षा मीना द्वारा स्वयं सेवको को महाविद्यालय परिसर में श्रमदान करने के लिये प्रेरित कर श्रमदान करवाया गया। शिविर में ''गांधी जी अतीत ही नही, भविष्य भी है'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर कुसुम मीणा बी.ए. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर ममता मीणा व धनाराम बी.ए द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान पर काजल कुमारी व चंचल कुमारी बी.ए. द्वितीय वर्ष रही। अन्त में राष्ट्रीय सेवा गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

प्राचार्य
सं.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज


WEBSITE - ecisveep.nic.in
Mail ID - voter-contest@eci.gov.in
2022

# सं.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय शिवगंज (सिरोही)

दिनांक- 07/3/22

## आवश्यक सूचना

सं.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय शिवगंज के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत कल दिनांक 08.03.22 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सेमिनार हॉल में प्रातः 11 बजे से मनाया जायेगा|कार्यक्रम के दौरान भाषण , रंगोली एवं गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा, जिसमे भाग लेने के इच्छुक स्वयं सेवक एवं सेविकाए अपना नाम कार्यक्रम अधिकारीयों को लिखवाये तथा सभी स्वयं सेवक एवं सेविकाए अनिवार्य रूप से इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाए |

07/3/22

कार्यक्रम अधिकारी

यूनिट ।

Deeksha Meena

कार्यक्रम अधिकारी

यूनिट ।।

01

सं.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज (जिला – सिरोही) 307027

दिनांक- 08.03.22

## -प्रेस नोट-

### राजकीय महाविद्यालय में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**राजकीय** महाविद्यालय शिवगंज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ एन एस देवड़ा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। डॉ एन एस देवड़ा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण की आवश्यता पर जोर देते हुए बालिकाओ को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस वर्ष की महिला दिवस की थीम 'एक स्थाई कल के लिए आज लैंगिक समानता' विषय पर विचार व्यक्त करते हुए डॉ परिहार उर्मिला मूलचंद ने कहा कि लैंगिक समानता उन्नत मानवीय समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है अतः समाज में वर्ग संघर्ष रोशन खत्म हो और सामाजिक आर्थिक राजनीतिक सांस्कृतिक तमाम पक्षों में समानता समाज को एक सुनहरा भविष्य दे सकती है।

इस अवसर पर भाषण, रंगोली एवं गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में ललित कुमार ने प्रथम, वर्षा कुमारी एवं दल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में रामाराम देवासी ने प्रथम, निर्मल कुमार ने द्वितीय, तथा तृतीय स्थान कुसुम कुमारी ने प्राप्त किया। गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वर्षा सुथार रही।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्री कैलाश चंद्र परमार एवं सुश्री दीक्षा मीणा, महिला प्रकोष्ठ की समिति सदस्य श्रीमती दीपिका वैष्णव, श्रीमती हेमलता महावर, श्रीमती सीमा चारण एवं कार्यक्रम के निर्णायक डॉ भुपेश डी वर्मा, श्री अजय कुमार एवं डॉ बेगराज कुमावत उपस्थित रहे।

(N.S.S. P.O)

प्राचार्य
सं.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज

# भाषण प्रतियोगिता में रामाराम देवासी और रंगोली में ललित प्रथम

**शिवगंज** | शहर के राजकीय महाविद्यालय में महिला दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में भाषण, गीत व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. एनएस देवड़ा ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में रामाराम देवासी, निर्मल कुमार व कुसुम कुमार क्रमशः पहले, दूसरे व तृतीय एवं रंगोली प्रतियोगिता में ललित कुमार प्रथम, वर्षा कुमारी एवं दल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गीत प्रतियोगिता में वर्षा सुथार प्रथम रही है। कार्यक्रम में डॉ. परिहार उर्मिला मूलचंद ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सेवा योजना प्रभारी कैलाशचंद्र परमार, दीक्षा मीणा, महिला प्रकोष्ठ समिति की सदस्य दीपिका वैष्णव, हेमलता महावर, सीमा चारण, कार्यक्रम के निर्णायक डॉ. भूपेश डी वर्मा, अजय कुमार, डॉ. बेगराज कुमावत उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर Dated-

(महिला दिवस)

